कोटद्वार, शनिवार
17 मई 2025
वर्षः 47
अंकः 26 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गुलदार के हमले से नौगांव क्षेत्र में फिर बढ़ी दहशत

उत्तरकाशी। नौगांव ब्लॉक में गुलदार की दहशत बनी हुई है। यहां गुरुवार रात को गुलदार ने पिसाऊं गांव में एक मवेशी को अपना निवाला बना दिया। जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का महौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से गुलदार के हमले से बचने के लिए वन कमियों की गश्त पर पिंजरा लगाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को गुलदार ने नौगांव ब्लॉक के पिसाऊं गांव निवासी सुदंर सिंह की गोशाला में घुसकर बकरी को अपना शिकार बना दिया। जिससे एक बार फिर पूरे नौगांव क्षेत्र के लोगों में लगातार गुलदार के हमले का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में गश्त कर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर मुंगरसन्ति रेंज अधिकारी शेखर राणा ने बताया कि नौगांव के पिसाऊं में हुई घटना के बाद वन कर्मी क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। पीड़ित परिवार को मुआवजे की कार्यवाही की जा रही है।

### उत्तराखण्ड मंत्रिपरिषद ने किया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना का अभिनंदन प्रस्ताव पारित

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता पर भारतीय सेना, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षा मंत्रालय का सर्वसम्मति से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया।मंत्रिपरिषद के प्रस्ताव में कहा गया कि "ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस, अपार पराक्रम और उत्कृष्ट रणनीतिक कौशल की सफलता को दर्शाता है। यह अभियान भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है।"मंत्रिपरिषद ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि यह ऐतिहासिक सैन्य अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा और भारतीय सैन्य इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव अंकित रहेगा। इस प्रस्ताव को भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा ताकि उत्तराखण्ड की जनता की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

"उत्तराखण्ड वीरभूमि है, जहां से देश की सेना में सेवा देने वाले हजारों जवान देश की रक्षा में सदैव अग्रणी रहते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह अभियान भारतीय सेना की श्रेष्ठता को दर्शाता है। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व और रक्षा मंत्रालय की दूरदर्शिता का भी परिचायक है।

### राज्य में एंट्री पर बस–ट्रकों पर लगेगा आठ गुना से ज्यादा ग्रीन सेस

देहरादून। उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्यों के वाहनों के लिए ग्रीन सेस को बढ़ा दिया गया है। खासकर भारी वाहनों के लिए ग्रीन सेस आठ गुना से ज्यादा बढोत्तरी का निर्णय किया गया है। तिपहिया वाहनों को ग्रीन सेस के दायरे से बाहर कर दिया गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर की धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में परिवहन विभाग के सेस वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

सचिव–मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने बताया कि परिवहन विभाग ने ग्रीन सेस को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। परिवहन विभाग सूत्रों के अनुसार तिपहिया वाहनों की अंतराज्यीय स्तर पर आवागमन नहीं के बराबर होता है। इसलिए ग्रीन सेस की दायरे से इन्हें हटा दिया गया है। बाकी श्रेणियों में शुल्क को नए सिरे से संशोधित किया गया है।

### मुखानी में बैंककर्मी समेत दो लोगों से पांच लाख की ठगी

हल्द्वानी। मुखानी में एक बैंक कर्मी समेत दो लोगों से साइबर अपराधियों ने झांसे में लेकर पांच लाख रुपये की रकम ठग ली। मामले में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पहले मामले में कनखल हरिद्वार निवासी और हल्द्वानी में तैनात बैंक कर्मी ने तहरीर देकर बताया कि अज्ञात लोगों ने उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। इसके बाद उनके खाते से 2.99 लाख रुपये की ठगी कर ली। वहीं दूसरे मामले में हिम्मतपुर मल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे अज्ञात नंबर से कॉल आया।

# सीएम अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

देहरादून। मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना, प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्रालय का अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिपरिषद के प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और रणनीतिक कौशल की सफलता को दर्शाता है, यह सैन्य अभियान भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का उदाहरण बनकर उभरा है। मंत्रिपरिषद द्वारा विश्वास व्यक्त किया गया कि ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा जो भारत की सैन्य गौरवगाथा में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होगा। मंत्रिपरिषद के इस अभिनंदन प्रस्ताव को केन्द्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा ताकि उत्तराखण्ड राज्य की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

1– उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि० में सुधार हेतु मैकेंजी इंडिया द्वारा दिये गये सुझावों पर विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना को कैबिनेट द्वारा दी गई मंजूरी।

उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की वित्तीय और परिचालन स्थिति में सुधार करने के लिए एक विस्तृत परिवर्तन योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य वितरण और ट्रांसमिशन नुकसान को कम करना, बिजली खरीद लागत को अनुकूलित करना और पूंजी निवेश के माध्यम से कंपनी के प्रदर्शन को मजबूत करना है। यह परिवर्तन योजना यू.पी.सी.एल. की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगी और इसे एक कुशल और लाभकारी संगठन के रूप में स्थापित करेगी। इस योजना के चार प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले यू.पी.सी.एल. की वित्तीय स्थिति को स्थिर और मजबूत करना है, जो इसके लगभग 5,000 करोड रूपये के बकाया को कम करने और पिछले छह वर्षों में हुए लगातार घाटे को समाप्त करने पर केन्द्रित है। दूसरा उद्देश्य वित्तरण और ट्रांसमिशन नुकसान को कम करना है, जो वर्तमान में हरिद्वार और उधमसिंह नगर जैसे क्षेत्रों में उच्चतर स्तर पर है। इसमें ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और बुनियादी ढाँचे के उन्नयन से हानियों में कमी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तीसरा उपभोक्ताओं को बेहतर बनाना है, ताकि उपभोक्ता, संतोष में वृद्धि और संग्रह दक्षता में सुधार हो सके। अंत में हरित



ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना, जिससे लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधान प्राप्त हो सके। ये सभी उद्देश्य यू.पी.सी.एल. को उनके ऊर्जा क्षेत्र का एक विश्वसनीय और कुशल स्तंभ बनाने में सहायक होंगे।

2– मुख्यमंत्री राहत कोष नियमावली–2013 के नियम सं0–6 के उपनियम–4 में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय।

मुख्यमंत्री राहत कोष नियमावली–2013 के नियम सं०–6 के उपनियम–4 जिसमें मुख्यमंत्री राहत कोष में प्राप्त धनराशि इस निमित्त खोले गये राष्ट्रीयकृत बैंक के खातों में जमा किये जाने का प्राविधान है, में संशोधन करते हुए राष्ट्रीयकृत बैंक के स्थान पर अनुसूचित वाणिज्य बैंक किया गया है। उक्त संशोधन करने पर मुख्यमंत्री राहत कोष जिसका वित्त पोषण दान के रूप में प्राप्त धनराशि से किया जाता है, में प्राप्त धनराशि जिसका तात्कालिक उपयोग न हो. को प्रतिस्पर्धी सौदे सुनिश्चित करते हुए कैपेबल फिक्स डिपोजिट के रूप में विनियोजित कर अधिकतम ब्याज प्राप्त किया जा सके। इस निर्णय को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई।

3– उत्तराखण्ड कुक्कुट विकास नीति–2025 को दी गई मंजूरी।

राज्य में 15444 लाख अण्डों एवं 395 लाख कि०ग्रा० पोल्ट्री मीट की प्रतिवर्ष कमी को, दूर करने के लिए उत्तराखण्ड कुक्कुट विकास नीति–2025 प्रस्तावित है। वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कुछ निवेशकों द्वारा राज्य में पोल्ट्री सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जतायी गयी। उद्यमिता को बढ़ावा देने और राज्य को पोल्ट्री क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उक्त नीति में पोल्ट्री आधारित इकाईयों के विकास को प्रोत्साहित किया गया है। इस नीति में कॉमर्शियल लेयर फार्म एवं बॉयलर पैरेंट फार्म की स्थापना की जानी है। जिसे कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है।

उक्त नीतिं से राज्य में लगभग रू0 85 करोड़ का निजी निवेश प्राप्त होगा। कुल रू0 29.09 करोड का अनुदान प्रस्तावित है। उक्त नीति अगले 05 वर्ष तक के लिए प्रस्तावित होगी। प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय निवासियों को रोजगार दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त नीति को प्रख्यापित किये जाने के बाद उत्तराखण्ड से पलायन रूकेगा तथा राज्य को लगभग 50 लाख प्रति वर्ष जी०एस०टी० की प्राप्ति होगी। प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अण्डों एवं 32 लाख टन मीट का उत्पादन होगा। इससे उत्तर-ाखण्ड में अण्डों एवं मीट का आयात नहीं करना पड़ेगा। उक्त नीति से राज्य में लगभग 1000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष तथा लगभग 3500 व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार प्राप्त होगा।

4–निराश्रित गोवंश हेतु गोसदनों के निर्माण एवं उनके भरण–पोषण हेतु नीति के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है कि निराश्रित गोवंश हेतु गोसदनों / गोशालाओं की स्थापना / सुविधाए संबंधी निर्माण कार्य सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के अंतर्गत करवाया जायेगा। इस हेतु एकीकृत बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के सम्बन्धित मानक मद में की जायेगी। इसी प्रकार वर्तमान प्रचलित व्यवस्था के अंतर्गत उक्त गोसदनों में निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के संगत मदो में करते हुए उसे सम्बन्धित जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखा जायेगा।

निराश्रित गोवंश को भरण पोषण हेतु दिये जाने वाले अनुदान एवं उनके लिये निर्मित होने वाले गोशालाओं के लिये बजट आवंटन हेतु पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा। इस हेतु बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के संगत मानक मदों में की जायेगी।

# केदारनाथ दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या 3 लाख पार

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर तीर्थयात्री बड़ी संख्या में आकर बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। अब तो यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। केदारनाथ धाम की 14 दिनों की यात्रा में ही दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या का आकड़ा 3 लाख पार कर गया है। जबकि आने वाले दिनों में यात्रा और तेजी से चलेगी। बीते 2 मई को बाबा केदार के कपाट आम भक्तों के दर्शनार्थ खोले गए थे। पहले दिन 30154 तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार के साथ ही अखंड ज्योति के दर्शन किए। जबकि इसके बाद लगातार 20 हजार से अधिक यात्री प्रतिदिन दर्शन करने पहुंचते रहे। 9 और 10 मई को छोड़कर सभी दिनों केदारनाथ में दर्शन करने वाले यात्री 20 हजार से अधिक रहे। ऐसे में अब तक 14 दिनों की यात्रा में ही केदारनाथ धाम में 313419 तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में तो



यात्रा में और तेजी आएगी। जून प्रथम माह से स्कूलों में ग्रीष्मकाल अवकाश होगा, ऐसे में बड़ी संख्या में लोग यात्रा पर निकलेंगे। इससे बदरी-केदार मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में केदारनाथ यात्रा में और भी तेजी आएगी। इधर, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि केदारनाथ यात्रा में यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। सभी बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया गया है। किसी तरह से भी यात्री को असुविधा न हो इसके लिए विशेष प्रयास किए गए हैं ताकि श्रद्धालु सरल और सुगम यात्रा कर सके। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि पुलिस द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उन्हें मार्ग सुझाए जा रहे हैं। जवाड़ी बाईपास पर बदरीनाथ जाने वाले यात्रियों को मुख्य बाजार से भेजा जा रहा है जबकि केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को जवाड़ी बाईपास से आवाजाही कराई जा रही है।

### कालापहाड़ के पास का जंगल धूं–धूंकर जला

रुद्रप्रयाग : जंगलों में आग लगने का सिलसिला बढ़ने लगा है। शुक्रवार को मुख्यालय स्थित कालापहाड़ के करीब जंगल धूं–धूंकर जलता रहा। दिनभर जंगल में आग लगी रही जबकि शाम बारिश होते ही स्वतः ही आग बुझ गई। अन्य स्थानों पर भी बीते दिनों जंगलों की आग बारिश के चलते थमती नजर आई। शुक्रवार को केदारनाथ हाईवे के ठीक सामने कालापहाड़ से लगे जंगल आग से जलते रहे। चारों ओर धुंआ ही धुंआ दिखाई दिया। हालांकि आग लगने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके लिए रवाना हुई किंतु आग तेजी पकड़ती गई। शाम को मौसम के साथ तेज हवाएं चली और फिर बारिश हुई जिससे आग स्वतः ही बुझ गई। बीते दिनों भी ऐसा ही देखा गया है जबकि कई जंगल आग से धधक रहे थे किंतु शाम बारिश हुई तो जंगलों की आग बुझ गई। पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम इस बार पूरी तरह बदला दिखाई दे रहा है। शाम होते ही बारिश होने से एक ओर तेज गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है वहीं जंगलों में आग से धुंआ और धुंध से भी राहत मिल रही है। हालांकि अब जंगलों में आग लगने का सिलसिला बढ़ने लगा है। धूप निकलते ही कई जगहों पर जंगलों में आग लग रही है। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग की प्रभागीय वनाधिकारी कल्याणी ने बताया कि इस साल अभी तक जंगलों की आग पर नियंत्रण है। किसी तरह से बड़ी घटनाएं नहीं हो रही है। विभागीय स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है साथ ही आग बुझाने वाली टीम भी मुस्तैद है। (एजेंसी)

# अब इस्कॉन बेंगलुरु के पास रहेगा हरे कृष्ण मंदिर का नियंत्रण

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच दशकों से चल रहे मालिकाना हक विवाद पर शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस निर्णय को रद्द कर दिया, जिसमें बेंगलुरु के हरे कृष्ण मंदिर की संपत्ति पर हक इस्कॉन मुंबई को दिया गया था। अब इस फैसले के बाद हरे कृष्ण मंदिर का नियंत्रण इस्कॉन बेंगलुरु के पास रहेगा। यह विवाद बेंगलुरु स्थित हरे कृष्ण मंदिर और उससे जुड़े शैक्षणिक संस्थान की मालिकाना हक को लेकर था।

साल 2011 में कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला दिया था, जिसे इस्कॉन बेंगलुरु ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई 2023 को इस पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब



करीब 10 महीने बाद यह बहुप्रतीक्षित निर्णय सुनाया गया है।इस मामले में पहले स्थानीय अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु के पक्ष में फैसला दिया था, लेकिन हाईकोर्ट में यह पलट गया। इसके बाद 2 जून 2011 को इस्कॉन बेंगलुरु ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस्कॉन बेंगलुरु ने यह दावा किया कि वह कर्नाटक में एक स्वतंत्र रूप से पंजीकृत संस्था है और मंदिर का संचालन पिछले कई दशकों से बिना किसी बाहरी नियंत्रण के कर रही है।इसके विपरीत, इस्कॉन मुंबई का कहना था कि इस्कॉन बेंगलुरु उनके मातहत आने वाली संस्था है, और मंदिर की संपत्ति पर अधिकार उन्हें होना चाहिए। जस्टिस ए. एस. ओका और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की दो सदस्यीय पीठ ने स्पष्ट कर दिया कि इस्कॉन बेंगलुरु एक स्वतंत्र संस्था है, और मुंबई इस्कॉन का उस पर कोई कानूनी नियंत्रण नहीं है। यह फैसला जस्टिस ओका ने लिखा, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया गया है।

# जितनी देर में लोग नाश्ता–पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया : राजनाथ सिंह

भुज , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वायु योद्धाओं से बातचीत की। जवानों को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए बधाई दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी धरती पर आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायुसेना के लिए 23 मिनट काफी थे। जितनी देर में लोग नाश्ता–पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आज आपके बीच में आपका अभिनंदन करने के लिए आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में सचमुच आप लोगों ने करिश्माई काम किया है, भारत का मस्तक आपने सारी दुनिया में ऊंचा किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो हमारे सैनिक अथवा हमारे नागरिक



शहीद हुए हैं, मैं सबको नमन करता हूं और जो हमारे बहादुर जवान घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से कामना करता हूं।"

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, यह कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है और यह बात पूरी तरह से साबित हो चुकी है। आज स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए ही, यहीं से उनके हर कोने तक सीधा प्रहार करने में पूरी तरह से सक्षम हैं और पूरी दुनिया ने देख लिया है कि कैसे आपने पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। बाद में की गई कार्रवाई में उनके अनेक एयरबेस भी तबाह कर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स ने न केवल पराक्रम दिखाया, बल्कि पूरी दुनिया के सामने इस बात का प्रमाण भी दिया है कि भारत की युद्ध नीति और टेक्नोलॉजी दोनों बदल चुकी हैं। आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का संदेश पूरी दुनिया तक इस बार पहुंचा दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज एयरबेस पर कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी ने रखा था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो कुछ भी आपने किया, उस पर सभी भारतीयों को गर्व है। पाकिस्तानी धरती पर आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायुसेना के लिए 23 मिनट काफी थे। वह आपने करके दिखाया।

### 48 घंटे में मारे गए 6 आतंकी,सेना ने कहा–हम टेरर इकोसिस्टम को जड़ से खत्म करेंगे

श्रीनगर , हाल के आतंकवाद विरोधी अभियानों पर कश्मीर वी.के. बिरदी ने कहा, पिछले 48 घंटों में, हमने दो बहुत सफल ऑपरेशन किए हैं। ये दो ऑपरेशन केरन और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल 6 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हम यहां आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केलार और त्राल क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर, मेजर जनरल धनंजय जोशी, जीओसी वी फोर्स,ने जानकारी देते हुए बताया की 12 मई को, हमें केलार में ऊंचे इलाकों में एक आतंकवादी समूह की संभावित उपस्थिति के बारे में जानकारी मिली। 13 मई की सुबह, कुछ हलचल का पता चलने पर, हमारी पार्टियों ने आतंकवादियों को चुनौती दी, जिन्होंने गोलीबारी से जवाबी कार्रवाई की।

# माउंट एवरेस्ट पर दो पर्वतारोहियों की मौत

काठमांडू ,दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर इस साल मार्च से मई तक चल रहे पर्वतारोहण सीजन के दौरान दो पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है। नेपाल के पर्वतारोहण अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मृतकों में एक भारत से और दूसरा फिलीपींस से था। 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही सुब्रत घोष ने एवरेस्ट के 8,849 मीटर (29,032 फीट) ऊंचे शिखर को सफलतापूर्वक फतह कर लिया था, लेकिन गुरुवार को नीचे उतरते समय हिलेरी स्टेप के पास उनकी मौत हो गई। नेपाल स्थित स्नोई होराइजन ट्रेक्स एंड एक्सपेडिशन कंपनी के आयोजक बोधराज भंडारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, वह हिलेरी स्टेप से नीचे आने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सुब्रत घोष के शव को बेस कैंप तक लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। गौरतलब है कि हिलेरी स्टेप 8,000 मीटर (26,250 फीट) से ऊपर के उस बेहद जोखिम भरे इलाके में आता है जिसे 'डेथ जोनझ् कहा जाता है। इस ऊंचाई पर ऑक्सीजन का स्तर इतना कम होता है कि मानव शरीर के लिए लंबे समय तक जीवित रहना बेहद मुश्किल होता है। दूसरी ओर, फिलीपींस के 45 वर्षीय पर्वतारोही फिलीप सैंटियागो की मौत बुधवार देर रात साउथ कोल (8,000 मीटर से अधिक) में हुई। नेपाल पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि फिलीप चौथे उच्च शिविर (हाई कैंप) तक पहुंच गए थे, लेकिन अत्यधिक थकान महसूस होने पर वह अपने टेंट में आराम कर रहे थे, तभी उनका निधन हो गया।

# सलमान और अन्य सितारों की संयुक्त सुनवाई 28 जुलाई को हाईकोर्ट ने तय की तारीख

जोधपुर ,राजस्थान के बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में 26 साल बाद एक बार फिर से कानूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस केस में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे की भूमिका को लेकर बहस एक नए मोड़ पर पहुंच चुकी है। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार की अपील पर 28 जुलाई 2025 को इन सभी सितारों के खिलाफ मामलों की संयुक्त सुनवाई की तारीख तय की है। यह मामला वर्ष 1998 का है, जब फिल्म 'हम साथ साथ हैंझ् की शूटिंग जोधपुर के पास हो रही थी। इसी दौरान आरोप लगे कि शूटिंग के दौरान अभिनेता सलमान खान और उनके साथियों ने दो काले हिरणों का शिकार किया था। ये शिकार विश्नोई समुदाय की धार्मिक आस्था से जुड़ा मामला बन गया, क्योंकि यह समुदाय काले हिरण को पवित्र मानता है। विश्नोई समाज की शिकायत पर जोधपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया और सलमान खान को 12 अक्टूबर 1998 को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें पांच दिन बाद ही जमानत मिल गई, लेकिन तब से लेकर अब तक यह मामला अदालतों में उलझा रहा है।

**अभी तक की कानूनी स्थिति**

इस मामले में कुल मिलाकर तीन प्रमुख कानूनी धाराएं सलमान खान पर लगी थीं:

काले हिरण के शिकार का मामला (वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत)

अवैध हथियार रखने का मामला (आर्म्स एक्ट के तहत)

अन्य आरोपियों की सहभागिता सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे के खिलाफ सहयोग के आरोप



निचली अदालत ने वर्ष 2018 में अभिनेता सलमान खान को दोषी मानते हुए 5 साल की सजा सुनाई थी, जबकि सैफ, तब्बू, नीलम और सोनाली को बरी कर दिया गया था। सलमान को कुछ समय जेल में बिताना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

**सरकार की अपील और हाईकोर्ट की कार्रवाई**

राजस्थान सरकार ने निचली अदालत के उस फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की, जिसमें सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी कर दिया गया था। यह अपील लीव टू अपील के रूप में दाखिल की गई थी, जिसमें कहा गया था कि निचली अदालत ने पर्याप्त सबूतों के बावजूद इन सितारों को गलत तरीके से राहत दी है। बुधवार को जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत में इस अपील पर सुनवाई हुई। इसी दौरान यह तथ्य सामने लाया गया कि सलमान खान की सजा के खिलाफ भी अपील अब हाईकोर्ट में लंबित है। इस पर वकीलों ने मांग की कि दोनों मामलों को एक साथ जोड़ा जाए।

कोर्ट ने इस मांग को स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि सलमान खान और अन्य कलाकारों से जुड़े सभी मामलों की संयुक्त सुनवाई 28 जुलाई 2025 को होगी।

**संयुक्त सुनवाई क्यों है महत्वपूर्ण?**

संयुक्त सुनवाई से यह लाभ होगा कि सभी आरोपियों पर एक समान दृष्टिकोण से बहस हो सकेगी। गवाहों के बयान और सबूतों की समीक्षा समन्वित ढंग से की जा सकेगी।

निर्णय में स्पष्टता और न्यायिक पारदर्शिता बनी रहेगी। यह फैसला भी दर्शाता है कि राजस्थान हाईकोर्ट इस मामले को अब अंतिम निष्कर्ष की ओर ले जाना चाहता है, जिससे दशकों से लटकते मामले को बंद किया जा सके।

**मीडिया और समाज की नजरें फिर से जोधपुर पर**

काला हिरण मामला पिछले दो दशकों से मीडिया का प्रिय विषय रहा है। सलमान खान की लोकप्रियता और बॉलीवुड से जुड़े अन्य सितारों के नाम जुड़ने के कारण यह मामला हमेशा सुर्खियों में रहा। विश्नोई समुदाय की सक्रिय भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े भावनात्मक पक्ष ने इस केस को एक सामाजिक और नैतिक बहस का मुद्दा भी बना दिया है।

– दोनों को एक साथ सुना जाएगा। अगर कोर्ट सरकार की अपील को स्वीकार करता है, तो बरी किए गए सितारों को भी फिर से दोषी करार दिया जा सकता है, और उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है। वहीं, सलमान खान की सजा के खिलाफ दायर अपील पर भी कोई बड़ा फैसला आ सकता है।

**विश्नोई समाज का रुख**

विश्नोई समाज की ओर से इस केस को लगातार न्याय के लिए संघर्ष बताया गया है। समाज के नेताओं का कहना है कि वे केवल हिरणों के लिए नहीं, बल्कि पर्यावरण और धार्मिक आस्था की रक्षा के लिए खड़े हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि जो लोग कानून तोड़ेंगे, उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए झ् चाहे वह कोई भी हो।

# सम्पादकीय

## पानी भी हुआ खतरनाक

गर्मियों का सीजन और चार धाम यात्रा का आयोजन तमाम व्यवसाय के लिए एक वरदान है। भारी संख्या में उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के साथ–साथ पर्यटक स्थलों की शोभा बढ़ाने के लिए सैलानियों का आगमन होता है। इसी के साथ पर्यटक स्थलों व धार्मिक स्थान पर खाद्य पदार्थों की बिक्री भी बढ़ती है लेकिन मांग के बढ़ने के साथ ही क्वालिटी और गुणवत्ता किनारे रख दी जाती है और इसके स्थान पर मिलावटी सामान खुलेआम परोसा जाता है। खास तौर से पेय पदार्थों को लेकर अब तक सरकार की ओर से कोई बड़ी करवाई देखने को नहीं मिली है लेकिन इस यात्रा सीजन के लिए राज्य सरकार मिलावटी पानी व दूसरे ड्रिंक बेचने वालों पर पूरी रणनीति के तहत कार्रवाई करने जा रही है। राज्य में बोतल में ठंडा पानी बड़ी संख्या में उपयोग में लाया जा रहा है हालांकि नामी ब्रांड की बोतलों में भी मिलावट की शिकायतें आने लगी है इसके बाद उत्तराखंड खाद्य एवं औषधि प्रशासन सतर्क हो गया है। इसके लिए राज्य भर में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और ठंडे पेय पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के साथ उसके उचित भंडारण का भी ख्याल रखना होगा। सबसे अधिक मिलावट खुले में बिकने वाले पानी को लेकर है जिसकी जांच का कोई तरीका खरीदने वालों के पास नहीं रहता। बड़े नामी ब्रांड के बोतलों में मिलावट का बड़ा खेल चल रहा है और यही पानी होटल से लेकर ढाबो व ठेली खोमचे में भी बेचा जा रहा है। स्पष्ट है कि मुनाफे में अधिक फायदा होने के कारण मिलावटी पानी का यह खेल चल रहा है। गर्मी के मौसम में बाजार में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर और अन्य ठंडे पेय पदार्थों की मांग में भारी वृद्धि होती है लेकिन कई स्थानों पर इनका भंडारण खुले में और अनियमित तरीकों से किया जा रहा है, जिससे इनकी गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इससे न केवल उत्पाद की शुद्धता प्रभावित होती है, बल्कि जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। स्थानीय निवासी एवं उत्तराखंड में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए गर्मियों के इस संवेदनशील मौसम में खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं ऐसे मिलावटखोरों को पकड़ने के लिए टीम भी सक्रिय रहेगी। संबंधित विभाग की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह नियमित रूप से निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि बाजार में बिकने वाला पैकेज्ड पानी व शीतल पेय मानकों के अनुरूप हों। यदि कोई भी विक्रेता या आपूर्तिकर्ता नियमों की अवहेलना करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इधर कुछ जिम्मेदारियां उपभोक्ताओं की भी है कि वह कोई भी ब्रांड खरीदने से पहले उसकी सील या उपभोग की तिथि की अच्छी तरह से जांच कर ले। खाद्य पदार्थ ओं व पेय पदार्थ में खाद्य सुरक्षा के लाइसेंस को अवश्य देखें। मिलावट खोरी के लिए त्योहार से लेकर पर्यटन यात्रा के सीजन एक बड़ा मुनाफा साबित होते हैं लेकिन उनका यह मुनाफा अक्सर कई लोगों की जब और सेहत पर बेहद भारी पड़ता है।

# सड़क पर कब्जा, पैदल चलना भी हुआ मुश्किल



कोटद्वार के देवी रोड में अव्यवस्थाओं के कारण लगा जाम

### नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे के मध्य फैली है अव्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम व पुलिस का ध्यान केवल शहर की मुख्य सड़कों पर ही है। जबकि, शहर को जोड़ने वाले अन्य मार्गों पर फैली अव्यवस्था आमजन के लिए नासूर बनती जा रही है। हालत यह है कि नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे तक फैली अव्यवस्थाओं के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क पर खड़ी रेहड़ी-ठेली, शापिंग मॉल और रेस्टोरेंट के बाहर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन व भारी वाहनों की अवैध पार्किंग कब किसके जीवन पर भारी पड़ जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता।

नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे होते हुए भाबर को जोड़ने वाला मार्ग संपर्क मार्ग अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा है। नजीबाबाद चौराहे से मार्ग की ओर मुड़ते ही पहले ई-रिक्शा व आटो चालकों ने सड़क पर अपनी अवैध पार्किंग बनाया हुआ है। संकरे मार्ग पर ही ई-रिक्शा व आटो खड़ा कर सवारी भरी जाती है। इससे पांच सौ मीटर आगे पनियाली पुलिया से आगे भाबर के ऑटो चालकों ने अपनी पार्किंग बनाई हुई है। यह आटो चालक भी बीच सड़क पर सवारी भरते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। दस कदम आगे खुले माल व रेस्टोरेंट संचालकों ने सड़क को ही अपनी पार्किंग बनाया हुआ है। सड़क पर खड़े वाहनों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बीच सड़क से आवागमन कर रहे राहगीरों को हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। मोटर नगर से देवी मंदिर तिराहे तक सड़क किनारे रेहड़ी-ठेली वालों का जमावड़ा लगा रहता है। बेखौफ सड़क पर घूमने वाली इन रेहड़ी-ठेलियों से कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है।

**बयान**

शहर में जगह-जगह घूम रही रेहड़ी–ठेलियों के लिए स्थाई जगह का चयन किया जा रहा है। साथ ही वाहनों को खड़ा करने के लिए जल्द ही पार्किंग व्यवस्था भी की जाएगी। व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**..शैलेंद्र सिंह रावत, महापौर, कोटद्वार नगर निगम**

# धनिष्ठा पटेल व रेयांश रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रथम शैक्षणिक गतिविधि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षाओं को वर्गों के आधार पर छात्र-छात्राओं के वेश का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान कक्षा छह से धनिष्ठा पटेल व कक्षा आठ से रेयांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने किया। वेश मूल्यांकन के व्यक्तिगत वर्ग में कक्षा छह के धनिष्ठा पटेल प्रथम, काव्यांशा द्वितीय व अवनी तृतीय रही। कक्षा सात के रूद्रांश प्रथम, आरव वर्मा द्वितीय व आयुशी बडोला तृतीय रहे। कक्षा आठ से रेयांश प्रथम, कुनाल द्वितीय व राधिका तृतीय रहे। कक्षा नौ-अ में पूजा सिंह प्रथम, आस्था व अपर्णा संयुक्त रूप से द्वितीय और आरूषी सैनी व साक्षी कनेरिया संयुक्त रूप से तृतीय रहे। कक्षा नौ-ब से अनन्या ध्यानी प्रथम, साक्षी गुसांई द्वितीय व खुशी भट्ट तृतीय रहे। कक्षा दस-अ से विभूति प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय और शिवानी व मानसी को संयुक्त रूप से तृतीय रहे। कक्षा दस-ब से सार्थक प्रथम, सूरज व अभिनव तृतीय रहे। कक्षा 11-अ से ऋतु प्रथम, सौरभ द्वितीय व आदर्श तृतीय रहे। जबकि 11-ब से कुमकुम प्रथम, अदिति असवाल द्वितीय व प्रियांशी तृतीय रहे। 11-स से प्रियंका प्रथम, निहारिका द्वितीय व आयुषी तृतीय रहे। 12-अ से जसप्रीत प्रथम, अनुष्का द्वितीय व राजित तृतीय रहे। 12-ब से छवि प्रथम, अर्चना द्वितीय अदिति ध्यानी तृतीय रहे। 12-स से पूर्णिमा प्रथम, शशि द्वितीय व आयुष बिष्ट तृतीय रहे। द्वितीय चरण में सब जूनियर वर्ग में रियांश नेगी प्रथम, धनिष्ठा पटेल द्वितीय व रूद्रांश जदली तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में पूजा सिंह प्रथम, विभूति गौड़ द्वितीय और आस्था व अभिनव संयुक्त रूप से तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में प्रियंक अग्रवाल प्रथम, निहारिका बिष्ट व अदिति ध्यानी द्वितीय और अर्चना गुप्ता तृतीय रहे। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, भूपेंद्र सिंह, मोहन सिंह, चंद्रप्रकाश, सुबोध ध्यानी, संगीता रावत, सरोज नेगी, मधुबाला नौटियाल, संगीता कुकशाल मौजूद रहे।

# गोवंश के हमले में मारे गए व्यक्ति को दें दस लाख रूपये

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के रहने की व्यवस्था न किए जाने पर आक्रोश जताया। कहा कि निराश्रित गोवंश के हमले में कई लोग चोटिल रहे हैं। गोवंश के हमले से गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई है। निराश्रित गोवंश के हमले से मारे गए व्यक्ति को दस लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जाए। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल की ओर से जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन दिया गया। कहा कि कालाबड़ निवासी जयप्रकाश कुलाश्री को निराश्रित गोवंश ने हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे राजकीय बेस चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए जयप्रकाश को ऋषिकेश स्थित एम्स रेफर भी किया गया। जहां जयप्रकाश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कहा कि वर्तमान में जयप्रकाश के घर में पत्नी, वृद्ध माता व दो बच्चे हैं। दोनों बच्चे बेरोजगार हैं। ऐसी परिस्थिति में जयप्रकाश को सरकार को दस लाख की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, अनिल डबराल, हरीश कुकसाल, संजय असवाल मौजूद रहे।

## दीवा डोली यात्रा तीन जून को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड पोखड़ा के अंतर्गत मां रसल्वांण दीवा समिति पोखड़ा की तरफ से तीन जून को दीवा डोली यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डोली की पूजा अर्चना, सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीवा देवी की डोली की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कहा कि तीन जून को रथ यात्रा झलपाणी दीवा मंदिर से रसल्वांण दीबा मंदिर से प्रस्थान करेगी। चार जून को सुबह डोली की पूजा अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

# कांग्रेस ने फूंका मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया को लेकर विवादित बयान देने पर युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदधिकारियों ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया। कहा कि मंत्री के इस बयान से भारतीय सेना के मनोबल को ठेस पहुंची है।

शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक में पहुंचे। जहां उन्होंने मंत्री विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। हर किसी को देश की इस बेटी पर नाज है। लेकिन, भाजपा के मंत्री विजय शाह कर्नल को लेकर विवादित बयान दे रहे हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि यह टिप्पणी न केवल सेना में सेवा देने वाली बेटियों का अपमान है, बल्कि भारतीय सेना के मनोबल को भी ठेस पहुंचाती है। वक्ताओं ने एक स्वर में मंत्री की गिरफ्तारी और तत्काल बर्खास्तगी की मांग उठाई। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय रावत, कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के संरक्षक दान सिंह रावत, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, महावीर सिंह रावत, विजय नारायण सिंह, चंद्रमोहन खर्कवाल, गणेश नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, सुधा असवाल सहित कई अन्य मौजूद रहे।



कोटद्वार में मंत्री विजय शाह का पुतला दहन करते कांग्रेसी

# संस्था ने विद्यार्थियों को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : किंगडम ऑफ हेवन चाइल्ड किंयर संस्था की ओर से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को प्राथमिक उचार के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को फास्ट फूट से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक नवीन मैसी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए हमें स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निधि मैसी ने बच्चों को प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक किया। कहा कि प्रत्येक घर में प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स होना चाहिए। हाथ कटने पर हमें गंदे कपड़े का प्रयोग नहीं करना है। बल्कि चिकित्सक की सलाह लें और उसे या फिर कटे हुए स्थान को डेटोल से साफ करें। उन्होंने बच्चों को जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की। इस मौके पर गीता वर्मा, सोनिया, अर्पिता आदि मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाया गया असम राइफल्स का स्थापना दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक बारात घर में असम राइफल्स का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सूबेदार मेजर कृष्ण चंद्र शर्मा ने मौजूद लोगों को असम राइफल्स के योगदान के बारे में बताया।

कहा कि बटालियन ने आपरेशन पवन में श्री लंका में अपना पराक्रम दिखाया था। बटालियन ने देश की रक्षा में कई महत्वपूर्ण आपरेशन में भाग लिया। आपरेशन सिंदूर में भी बटालियन पूरी मुस्तैद है। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए वीर सैनिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। सीमा पर खड़े वीर सैनिकों की बदौलत ही देश में हम सुरक्षित हैं। कार्यक्रम के दौरान वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। कहा कि बटालियन वीरांगनाओं के सम्मान में सदैव खड़ी रहेगी। इस मौके पर मोहन सिंह बिष्ट, कृष्ण चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आमजन के लिए खोला जाएं तहसील परिसर का पार्क

**जयनत प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बहुजन समाज पार्टी ने तहसील परिसर में लाखों की लागत से बनाए गए पार्क को आमजन के लिए खोलने की मांग की है।

कहा कि कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत तहसील परिसर में पार्क का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, इसे अब तक आमजन के लिए नहीं खोला गया है।

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि कुछ वर्ष पहले भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड ने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लगभग 7.25 लाख रूपए की लागत से तहसील परिसर में पार्क का निर्माण करवाया था। लेकिन, जिस उद्देश्य से पार्क का निर्माण करवाया गया, वह उद्देश्य सफल नहीं हो रहा है। कहा कि पार्क को चारों तरफ से बंद कर दिया गया है। पार्क में बैठने के लिए उचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। जबकि पार्क निर्माण के इस्टीमेट में पार्क में बैठने के लिए बैंच का विवरण दिया गया है। कहा कि उक्त पार्क को आम जनता के लिए खुलवाया जाए। पार्क में बैठने की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि तहसील में आने वाली आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

## कौशल विकास पर ध्यान दें विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि ।कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय में जिला उद्योग केंद्र की ओर से बूट कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ कौशल विकास पर भी ध्यान देने को कहा। आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिला उद्योग केंद्र के महा प्रबंधक एसएन गर्ग, विश्व विद्यालय के कुलपति पीएस राणा, जेपी साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि जब हम आगे बढ़ते हैं तो राह में कई समस्याएं भी आती हैं। लेकिन, हमें इन समस्याओं को समझकर इनका निराकरण करना चाहिए। छात्र–छात्राओं को मेहनत व इंटरप्रियोरिशिप विकसित करने के महत्व के बारे में बताया गया। आईआईएम काशीपुर के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डा. जेपी साहू ने बिजनेस व स्टार्ट अप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में निदेश–क द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर करियर के गुर सिखाए गए। इस मौके पर आरबीआई, अतुल रावत, प्रशांत कुकरेती, विनय कुमार, विकास पाल, कमल जोशी अनिल सिंह, आशा सिंह आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन डा. अनुज सिंह व ज्योति नेगी ने किया।

# कार्यालय, जिला पूर्ति अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक 195 /30-6/पेटी डीजल/ 2025-26 दिनांकः 15 मई 2025

## विज्ञप्ति

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश 1210/XIX/23-25/2001 दिनांक 28 फरवरी 2023, के अनुसार एवं शासनादेश संख्या-633/स0खाद्य/2002, दिनांक 26.04.2002 में निहित निर्देशों के अनुसार जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान ग्राम-जेठागांव की सरहद के अन्दर, पाणीसैण बाजार के पट्टी पौनो-01 तहसील रिखणीखाल पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत पेटी डीजल डीलर की नियुक्ति की जानी प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने प्रार्थना पत्र पूर्ण विवरण जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक की आख्या, चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र एवं अपने प्रतिष्ठान की प्रमाणित चौहदी आदि दिनांक 12 जून 2025 तक शाम 5 बजे तक जिला पूर्ति कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल में उपलब्ध करा दे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। पेटी डीजल डीलर की नियुक्ति हेतु विस्तृत जानकारी जिला पूर्ति कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

**जिला पूर्ति अधिकारी,**
**पौड़ी गढ़वाल।**

(0988/21

# सोशल मीडिया की लत से दिशाहीन हो रही युवा पीढ़ी : अकरम अली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की पहल पर राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय त्रिपालीसैंण में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिविजन अकरम अली ने बताया कि सोशल मीडिया की लत से युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है। युवाओं को सोशल मीडिया का उपयोग सीमित कर सृजनशीलता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने जीवन में आदर्श जीवनशैली अपनाए जाने की अपील की।

शुक्रवार को जीआइसी थलीसैंण में आयोजित कार्यक्रम में सचिव अली ने बाल श्रम, बाल विवाह, नालसा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी। असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार ने प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली कानूनी सहायता की विस्तृत जानकारी दी। प्रधानाचार्य पीसी ढौंडियाल सहित प्रशासन व ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। दूसरी ओर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय त्रिपालीसैंण में आयोजित कार्यक्रम में बाल अधिकार एवं उनके संरक्षण, महिला संबंधी अपराध दहेज हत्या, भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी, पोक्सो एक्ट व बाल विवाह आदि आपराधिक मामलों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष पैठाणी सुनील रावत, नायब तहसीलदार चाकीसैंण पूरण प्रकाश सिंह रावत, एएसआई आनंद खरोला, हेड कांस्टेबल सुरजीत सिंह, महिला होमगार्ड बबली देवी आदि मौजूद रहे।



राइंकॉ थलीसैंण में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपस्थित अधिकारी।

## सड़कों के डामरीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ब्लाक बीरोंखाल पट्टी खाटली सामाजिक विकास मंडल दिल्ली के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग बैजरों के अधिशासी अभियंता लोकेश सारस्वत से मुलाकात कर खाटली अंतर्गत आने वाली सड़कों के डामरीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को खाटली सामाजिक विकास मंडल के विधि सलाहकार जगदीश गुसाईं, सांस्कृतिक सचिव सुरेन्द्र सिंह रावत की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 104 गांवों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था द्वारा लोनिवि ईई बैजरों को अवगत कराया कि क्षेत्र में कई मोटर मार्गों का वर्षों से डामरीकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया है सभी सड़कों के डामरीकरण की मंजूरी शासन से मिल गई है, इन सड़कों पर अक्टूबर माह से डामरीकरण का कार्य सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जगदीश गुसाईं, सुरेन्द्र सिंह, जगदीश पांथरी, मंगत सिंह शाह, महीपाल सिंह शाह आदि थे।

## श्रीनगर में निकाली तिरंगा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : अवकाश प्राप्त विकास संगठन की ओर से शुक्रवार को विजय तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों द्वारा निकाली गई यात्रा वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मार्ग, अपर बाजार, गोला बाजार और गणेश बाजार होते हुये वापस संगठन कार्यालय में सम्पन हुई। संगठन के सदस्यों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए भारतीय सेना के शौर्य की सरहाना की। इस मौके पर संगठन के संरक्षक विमल बहुगुणा, अध्यक्ष गणेश टम्टा, उपाध्यक्ष सुरेश मैठाणी, सचिव गणेश जोशी, पूर्व अध्यक्ष पीसी नोडियाल, बृजकिशोर घिल्डियाल, मिडिया प्रभारी दीनबंधु सिंह चौहान, पूर्व सैनानी हरिप्रसाद उनियाल, महेन्द्र सिंह नेगी, भगवती पुरी, दया राम पुरी, कुंवर सिह, प्रमोद आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# उत्तर रेलवे

## ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 41-DRM-MB-25-26, dt. 16.05.2025 |
| कार्य का नाम | Pre and post attention work for deep screening by BCM, Manual deep screening of turn out and plain track, Pre & post attention work during T/out tamping with machine & other allied work over Moradabad Division under jurisdiction of Sr. DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 10.06.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 5,20,89,617.75 |
| धरोहर राशि | 4,10,500.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 27.05.2025 |

टेन्डर न. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक 16.05.2025 1452/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## NOTICE

I Subhash Khantwal S/O Ghanshyam Khantwal, resident of village-Mawakot, PO - Mawakot, PS - Kotdwara, Dist - Pauri Garhwal, Uttarakhand declare that in my service record book in Assam Rifles, my deceased father's name is recorded as Ghanshyam Singh instead of Ghanshyam Khantwal,Therefore, Ghanshyam Khantwal is my deceased father's actual and correct name, as declared by this affidavit before notary Kotdwara on 04 April 2025.

## NOTICE

I Subhash Khantwal S/O Ghanshyam Khantwal, resident of village-Mawakot, PO - Mawakot, PS - Kotdwara, Dist - Pauri Garhwal, Uttarakhand declare that in my service record book in Assam Rifles, my name is recorded as Subash Chandra instead of Subhash Khantwal. Therefore, Subhash Khantwal is my actual and correct name as declared by this affidavit before notary Kotdwara on 04 April 2025.

(0987/21)

# एक और फर्जी शिक्षक को हुई सात साल कठोर कारावास की सजा

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : बी.एड. की फर्जी डिग्री के आधार पर शिक्षा विभाग उत्तर-राखण्ड में नौकरी करने पर जनपद रूद्रप्रयाग के एक और फर्जी शिक्षक को 07 वर्ष का कठोर कारावास तथा 15000 रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। दोषसिद्ध शिक्षक त्रिलोक सिह कठैत को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर दण्डादेश भुगतने हेतु जिला कारागार पुरसाड़ी, (चमोली) भेजा गया। जनपद रूद्रप्रयाग में तैनात फर्जी शिक्षक त्रिलोक सिंह कठैत पुत्र भगत सिंह द्वारा अपनी बी.एड. की फर्जी डिग्री के आधार पर शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी प्राप्त की गई। शिक्षा विभाग के एसआईटी एवं विभागीय जांच के अनुसार उक्त शिक्षक की बीएड की डिग्री का सत्यापन कराया गया, जिस पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से जांच आख्या प्राप्त हुई, जिसमें उक्त फर्जी शिक्षक के द्वारा विश्वविद्यालय से कोई भी बीएड वर्ष 1993 की डिग्री जारी नहीं हुई पायी गई। शासन स्तर से एसआईटी जांच भी कराई गई थी। जिसके आधार पर शिक्षा विभाग रूद्रप्रयाग द्वारा उपरोक्त शिक्षक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया। फर्जी शिक्षक को तत्काल निलंबित कर बर्खास्त किया गया तथा माननीय सी.जे.एम. न्यायालय जनपद रूद्रप्रयाग के समक्ष विचारण हुआ। गुरूवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी के न्यायालय द्वारा उपरोक्त फर्जी शिक्षक त्रिलोक सिंह कठैत पुत्र भगत सिंह को फर्जी बी.एड. की डिग्री के आधार पर छल व कपट से नौकरी प्राप्त करने के संबंध में दोषी करार पाते हुए अभियुक्त त्रिलोक सिंह कठैत को धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 05 वर्ष का कठोर कारावास की सजा तथा 10000 (दस हजार रूपये) रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया एवं जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी तथा धारा 471 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत दोष सिद्ध पाते हुए 02 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 (पांच हजार रूपये) रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया एवं जुर्माना अदा ना करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा।




## अल्मोड़ा में उत्साह और गर्व के साथ निकली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर देशभक्ति और शौर्य के रंग में उस समय पूरी तरह डूब गया, जब शुक्रवार को पूरे उत्साह के साथ तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। सिद्धि नौले से आरंभ हुई इस यात्रा का उद्देश्य देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, सैन्य बलों के शौर्य को सम्मान देना और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा। यात्रा में स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों, युवाओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, पूर्व सैनिकों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी रही। सभी ने हाथों में तिरंगा थामे 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान किया। यात्रा मार्ग पर देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और लोगों ने सैनिकों के बलिदान को स्मरण करते हुए गर्व का अनुभव किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अपने संबोधन में हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा करते हुए कहा कि इस घटना में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर करारा जवाब दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकी ढेर किए गए और पाकिस्तान को संघर्ष विराम के लिए बाध्य होना पड़ा। उन्होंने इसे भारत की सैन्य शक्ति और आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण बताया। जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि देश की सेना के बलिदान और पराक्रम को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने इसे एक राजनीतिक आयोजन से परे, राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता की भावना को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में नगर निगम मेयर अजय वर्मा, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, दुग्ध अध्यक्ष गिरीश खोलिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष ललित लटवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, संजय बिष्ट, मंगल सिंह, गणेश जलाल, पूर्व दर्जा मंत्री गोविंद पिल्खवाल, बिट्टू कर्नाटक, सिकंदर पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोज सनवाल, त्रिलोचन जोशी, लीला बोरा, लता पांडे, निर्मला जोशी, पार्षद अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, प्रकाश भट्ट सहित बड़ी संख्या में सैनिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोग, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, महिला प्रतिनिधि, पार्षद और समाजसेवी, स्कूली बच्चे भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर अपराधों के पति सजग रहे

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के तहत साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय आनलाइन शार्ट टर्म प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी-बीएचयू के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. पीके. मिश्रा ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा नीतियों का विकास न केवल शैक्षणिक संस्थानों बल्कि देशों के लिए भी समय की मांग बन गया है। बताया कि साइबर सुरक्षा आज वैश्विक प्राथमिकता है, जो जीवन, शासन और शिक्षा के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रो. मिश्रा ने साइबर आतंकवाद, साइबर मानहानि, वर्चुअल लाक व अन्य अपराधों पर प्रकाश डालते हुए इनके समाधान के लिए प्रभावी साइबर नीतियों और तकनीकी उपायों की आवश्यकता बताई। केंद्र के कार्यवाहक निदेशक डा. राहुल कुंवर सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने डेटा की सुरक्षा और शैक्षणिक अखंडता बनाए रखने के लिए साइबर अपराधों के प्रति सजग रहना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देशभर के शिक्षकों को साइबर स्पेस में उभरते खतरों से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। कोर्स के समन्वयक डा. सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में देश के 20 राज्यों से 146 संकाय सदस्य प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए हैं। (एजेंसी)

### निजी वाहन में सवारी ढोने वालों की खैर नहीं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने गुरूवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक ली। उन्होंने कहा कि निजी वाहनों में सवारियां ढोने वाले चालकों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। इसको लेकर पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने परिवहन विभाग को नैनीडांडा, धुमाकोट और थलीसैंण क्षेत्रों में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहन संचालकों की वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में डीएम ने लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना के लिहाज संभावित क्षेत्रों में चेतावनी साइन बोर्ड और क्रश बैरियर लगाने के निर्देश दिए। कहा कि ओवर लोडिंग करने वाले और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने विवाह आयोजनों के लिए किराए पर ली गयी बस, टैक्सी और मैक्सी के चालकों को सेफ सफर ऐप पर पंजीकरण अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। बैठक में एडीएम अनिल सिंह गर्ब्याल, आरटीओ प्रशासन अरविंद पांडे, लोनिवि के ईई विवेक सेमवाल, एआरटीओ शशि दुबे, डीडीएमओ दीपेश काला आदि मौजूद रहे।

### टेक्निकल कंट्रोल रूप स्थापित करें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने योजना के तहत लंबित ई–केवाईसी, लैंड सीडिंग व आधार सीडिंग के मामलों की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग के लिए एक टेक्निकल कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने मुख्य कृषि अधिकारी को टेक्निकल कंट्रोल रूम के माध्यम से हर गांव की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ई-केवाईसी के लंबित 1093 मामलों, लैंड सीडिंग के 443 व आधार सीडिंग के 3294 लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए मुख्य कृषि अधिकारी को मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 50 वर्ष से अधिक उम्र के श्रद्धालु हेल्थ चेकअप कराकर ही यात्रा करें

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए ही यात्रा करनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने 50 वर्ष से अधिक उम्र के तीर्थयात्रियों से आग्रह किया है, कि वे हेल्थ चेकअप कराकर ही केदारनाथ जैसे उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा करें। साथ ही गंभीर बीमारी से पीड़ित श्रद्धालु यात्रा से परहेज करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालु यात्रा से पहले अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

# क्वारब समस्या समाधान को लेकर कांग्रेस करेगी जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव



अल्मोड़ा। क्वारब पुल क्षेत्र में पिछले आठ महीनों से जारी भूमि कटाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शासन–प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय चौघानपाटा में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने की, जबकि संचालन प्रवक्ता निर्मल रावत ने किया। बैठक में बारामंडल विधायक मनोज तिवारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को पहले भी गंभीरता से उठा चुकी है। विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में 24 अक्टूबर 2024 को धरना–प्रदर्शन भी किया गया था, लेकिन शासन–प्रशासन की अनदेखी के चलते आज भी हालात जस के तस हैं। उन्होंने बताया कि अब 22 मई को कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। इस आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश के वरिष्ठ नेता, संगठन पदाधिकारी और जिले के तमाम वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रतिनिधि घटनास्थल पर केवल फोटो खिंचवाने और मीडिया में सुर्खियों के लिए पहुंचते हैं, उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना–देना नहीं है। वहीं, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भू–धंसाव ने पर्यटन और स्थानीय कारोबार को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बैठक में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, अमरजीत भाकुनी, हिमांशु मेहता, धीरेन्द्र गैलाकोटी, गीता मेहरा, हेम चंद्र तिवारी, महेश चंद्र आर्य, रविन्द्र टम्टा, आनंद बिष्ट, हर्ष कनवाल, अंबीराम, नारायण दत्त पांडे, तारा तिवारी, परितोष जोशी, भैरव गोस्वामी, पीताम्बर पांडे, जानकी पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंधी और बारिश से विद्युत लाइन पर गिरा पेड़



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** बुधवार शाम को आंधी और बारिश से थलीसैंण क्षेत्र में विद्युत लाइन पर पेड़ गिर जाने से लगभग 16 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। थलीसैंण समेत ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजली का संकट छाया रहा।

बुधवार शाम को थलीसैंण क्षेत्र में हल्की बारिश के बाद तेज हवा के साथ आंधी शुरू हो गई। इस दौरान शाम करीब साढ़े छः भीडा और गडसारी के मध्य कुलगाड में बिजली लाइन और पोलों के ऊपर एक चीड़ का पेड़ गिर गया। इस कारण पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शुक्रवार की दोपहर बिजली आपूर्ति सुचारू किया जा सका। बिजली विभाग के कॉन्टैक्टर जगदीश सिंह बिष्ट ने बताया कि बड़ी मुश्किल से बिजली लाइन और पोलों के ऊपर से पेड़ का हटाया गया। बताया कि थलीसैंण क्षेत्र में बिजली बहाल कर दी गई है। इस मौके पर लाइनमैन दयाल सिंह, सुमित, गजे सिंह, नरेन्द्र सिंह, मेहरबान सिंह, कलम सिंह मौजूद थे।

# यूजी में मेरिट के आधार पर प्रवेश देने का दिया सुझाव

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की सत्र 2025-26 प्रवेश समिति की बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेंडर अंतिम रूप से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की मैपिंग को केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) और विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (यूईटी-2025) के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई। यह मैपिंग आगामी शैक्षणिक सत्र के प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू और समन्वित बनाने के उद्देश्य से की गई है। वर्चुअल माध्यम से आहूत की गई बैठक में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुल्क संरचना में आवश्यक सूक्ष्म संशोधन करते हुए उसे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया।बैठक में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों (1-वर्षीय एवं 2-वर्षीय) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय परिसरों, सम्बद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों की प्रवेश क्षमता को भी अनुमोदन प्रदान किया गया। पीएचडी प्रवेश (सत्र 2025-26) की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी ताकि अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र भी आवेदन कर सकें। इसके अतिरिक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की मैपिंग को पूर्व वर्ष की प्रवेश पुस्तिका के आधार पर तैयार किए जाने को लेकर समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। यह मैपिंग विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (यूईटी) के अंतर्गत प्रवेश के लिए प्रयुक्त होगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की आरंभ तिथि को लेकर भी चर्चा हुई, जिसे परीक्षाओं के पुनर्निर्धारण को ध्यान में रखते हुए शीघ्र अधिसूचित किया जाएगा। बैठक में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अंतर्गत शैक्षणिक अध्यादेशों के प्रारूप को सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन प्रदान किया गया, जो आगे विद्या परिषद में प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक के दौरान बिड़ला परिसर छात्रसंघ अध्यक्ष जसवंत सिंह ने श्रीनगर में सीयूईटी परीक्षा केंद्र न बनाए जाने के कारण छात्रों की सुविधाओं को देखते हुए गढ़वाल विवि में स्नातक स्तर पर भी मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने स्नातकोत्तर प्रवेश अधिसूचना जल्द जारी करने का अनुरोध किया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में. रखते हुए इस विषय में संबंधित प्राधिकरणों को एनटीए के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। प्रवेश समिति के सदस्य सचिव प्रो. ओपी गुसाईं ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर प्रो. यूसी गैरोला, प्रो. अभय बौराई, प्रो. आरएस नेगी, एनईपी समन्वयक प्रो. प्रशांत कंडारी, प्रवेश परीक्षा समन्वयक डॉ. प्रीतम सिंह नेगी के साथ ही बाह्य विशेषज्ञ प्रो. केकेएन शर्मा, डॉ. हरि गौड़ आदि शामिल हुए। (एजेंसी)

### नागेंद्र ध्यानी के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने साहित्यांचल के सदस्य नागेंद्र ध्यानी अरूण के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि समाज सेवा में दिए गए नागेंद्र के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने बताया कि नागेंद्र ध्यानी ने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। हिंदी साहित्य व संस्कृत के साथ ही लोक भाषा के प्रचार-प्रसार को भी उन्होंने अपना योगदान दिया। शोक व्यक्त करने वालों में एसपी कुकरेती, प्रकाश कोठारी, शंकर दत्त, राकेश लखेड़ा, विद्या नवानी, मीनाक्षी नवानी, रमेश नैथानी, विजय लखेड़ा आदि शामिल रहे।

# यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की चूक न हो : एसएसपी

### एसएसपी ने ली मासिक अपराध समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने कहा कि थानों में लंबित वादों को जल्द निपटाया जाए।

कहा कि यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक ना हो इसके लिए जिले में चारधाम यात्रा के मुख्य मार्गों पर वाहनों की सघनता से चेकिंग की जाए।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में एसएसपी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर तैनात जवानों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने, यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। कहा कि सीएम हेल्प लाइन से थानों पर प्राप्त शिकायतों में कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष खुद पीड़ितों से फीडबैक लें। कहा कि सभी थाना प्रभारी सीसीटीएनएस सहित सभी ऑनलाइन पोर्टलों पर सूचनाओं को फीड करने के अलावा उन्हें अपडेट करे। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्प लाइन पर जनपद में अब तक कुल 483 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से कुल 464 शिकायतों का सफल निस्तारण किया जा चुका है। एसएसपी ने ऑपरेशन मर्यादा व ड्रंक एंड ड्राइव अभियान के तहत जिले में सभी थानों को अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी संचार अनूप काला, सीओ श्रीनगर अनुज कुमार, सीओ कोटद्वार निहारिका सेमवाल, सदर पौड़ी त्रिवेंद्र सिंह राणा आदि शामिल रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर 12 पुलिस कर्मी सम्मानित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस ने 12 पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर निरीक्षक यातायात संदीप तोमर, थानाध्यक्ष सतपुली जगमोहन रमोला, उपनिरीक्षक दीपक पंवार, उपनिरीक्षक प्रवीन रावत, मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह, आरक्षी रविंद्र भट्ट, आरक्षी दिनेश नेगी, आरक्षी दिगंबर सिंह, आरक्षी गंभीर सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह, होमगार्ड सुमित, होमगार्ड शंभू प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# डेंगू रोकथाम को अभियान शुरू

### 15 जून तक चलेगा डेंगू रोकथाम माह, डेंगू से बचाव को होंगी विभिन्न गतिविधियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में डेंगू रोग की रोकथाम व नियंत्रण के दृष्टिगत डेंगू रोकथाम माह शुरू हो गया है। जिसके तहत जहां विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर गोष्ठी का आयोजन कर डेंगू रोग से बचाव को जागरूक किया गया। वहीं, विभिन्न स्थानों पर लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही भी शुरू की गई।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि हर वर्ष 16 मई का दिन राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि डेंगू रोग का संचरण काल प्रमुखतः माह जुलाई से माह नवंबर तक रहता है। स्वास्थ्य विभाग आमजन को डेंगू से सुरक्षित रख सके इसके दृष्टिगत डेंगू रोकथाम व नियंत्रण हेतु 16 मई से 15 जून तक डेंगू रोकथाम माह का आयोजन किया जा रहा है। डेंगूरोधी अभियान के तहत राइंका जवाड़ी में आयोजित संगोष्ठी में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने बताया कि रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रही है, लिहाजा डेंगू से बचने के घरों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें। उन्होने जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है वहां पानी एकत्र न होने देंने व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई करने पर जोर दिया। कहा कि डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आकस्मात तेज सिर दर्द, बुखार होना, मांसपेशियों तथा जोड़ो में दर्द होना, शरीर में लाल चकते आना इसके लक्षण हैं। डेंगू का लक्षण होने पर उन्होंने चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है।

### मासिक बैठक में वकीलों ने कई विषयों पर की चर्चा

नई टिहरी : टिहरी जनपद के जिला बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम मासिक बैठक जिला बार हाल में आयोजित की गई। जिसमें बार के महासचिव चंद्रभान राणा ने बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक माह के अंदर चेंबर हाल का डीएम के द्वारा एस्टीमेट बनाए जाने, बार की पार्किंग को सुव्यवस्थित करना, सभी न्यायालय में अधिवक्ताओं के सम्मान का ध्यान रखना, क्लाइंट्स के लिए बेहतर कार्य करन जैसे निर्णय हुये हैं। बार में दो नये सदस्यों में महावीर प्रसाद भट्ट एवं प्रकाश जरदारी को सदस्यता दिलाई गई। नये सदस्यों का अभिनंदन किया गया। लाइब्रेरी के विकास के लिए कार्य करने व रजिस्ट्रार कार्यालय को कोर्ट परिसर में स्थापित करना जैसे कई अहम विषयों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर अधिवक्ताओं में महावीर उनियाल, जयवीर रावत, शांति प्रसाद भट्ट, आनंद सिंह बेलवाल, वीरेन्द्र कठैत, पीसी चंद आदि ने भी अपने विचार रखे। दिनेश सेमवाल, राजेंद्र असवाल, मतिंदर बहुगुणा, बेनी माधव, राजेंद्र सिंह सजवान, दिनेश उनियाल, कविता भट्ट, विनय सेमवाल, राजेंद्र उनियाल, सोहन सिंह रावत, कन्हैया डोभाल, आनंद सेमल्टी, सोहन सिंह बिष्ट, महावीर सिंह नेगी, अरविंद खरोला, प्रेम सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह, विनीता, नीरज, बीना सजवान, केआर मिश्रा, गोपाल मखमलोगा, गोपाल राणा, विक्रम सिंह राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वासुकी ताल क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश पर वन विभाग सख्त

### बिना परमिट घूमना पड़ सकता है भारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : वासुकी ताल क्षेत्र में बिना अनुमति के पर्यटकों और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स की बढ़ती आवाजाही को लेकर वन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग की जानकारी में आया है कि हाल के दिनों में कई पर्यटक, इंस्टाग्रामर्स, यूट्यूबर्स और अन्य कंटेंट क्रिएटर्स केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले वासुकी ताल क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं, जो कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

उप वन संरक्षक, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग तरुण एस ने बताया कि यह क्षेत्र संरक्षित है और इसमें प्रवेश के लिए वैध परमिट अनिवार्य है। बावजूद इसके कई लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां प्रसारित कर रहे हैं। बिना पूर्व अनुमति के क्षेत्र में प्रवेश करने या शिविर लगाने वालों के खिलाफ तीन साल तक की जेल या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। ऐसे सभी मामलों पर विभाग की नजर है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि वासुकी ताल, जो समुद्रतल से लगभग 14,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, लेकिन यह क्षेत्र जैव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण के लिहाज से भी अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में अनाधिकृत गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं।

# रुद्रनाथ मंदिर और यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों को मिल सकेगी चिकित्सा सुविधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पंच केदारों में चतुर्थ केदार यात्रा को तीर्थयात्रियों के लिए सुविधा संपन्न बनाने के लिए जिला प्रशासन और वन विभाग की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

जिसके लिए जहां इस वर्ष रुद्रनाथ मंदिर की यात्रा ईडीसी मॉडल पर संचालित की जा रही है। वहीं यात्रा मार्ग के साथ ही मंदिर में चिकित्सा सुविधा देने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। जिससे रुद्रनाथ मंदिर की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को यहां चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।केदारनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी तरुण एस ने बताया कि रुद्रनाथ धाम का पैदल यात्रा मार्ग आबादी विहीन क्षेत्र में है। ऐसे में पिछली यात्राओं में स्वास्थ्य खराब होने पर तीर्थयात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए इस वर्ष जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर जहां रुद्रनाथ मंदिर परिसर में सिक्स सिग्मा की ओर से एक चिकित्सक और फार्मेस्टि की तैनाती की गई है।

### परिजनों से बिछड़े यात्रियों को पुलिस ने मिलाया

रुद्रप्रयाग : छत्तीसगढ़ से केदारनाथ आई महिला श्रद्धालु निर्मला अंबादे एवं उनका पोता आरव अंबादे केदारनाथ धाम में अपने परिजनों से बिछड़ गए। उनके द्वारा अपने परिजनों को ढूंढ़ने का काफी प्रयास किया गया, किंतु कुछ पता नहीं चला।

परिजनों के स्तर से भी लगातार उनकी तलाश की जा रही थी, किंतु दोनों आपस में नहीं मिल पाए। इस बीच महिला श्रद्धालु निर्मला अंबादे द्वारा इसकी सूचना केदारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों को दी गई जिसके बाद पुलिस जवानों ने अपने स्तर से अथक प्रयासों से उक्त महिला तथा उनके पोते को परिजनों से मिलवाने में सफलता पाई।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत 37 महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सहकारिता के माध्यम से अपने उद्यमों का संचालन करने वाली 37 महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर की छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति भी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से राज्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं को स्वारोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि सहकारिता के माध्यम से इस वर्ष राज्य में 2 लाख और जनपद चमोली में 10 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि वर्तमान में सहकारिता के माध्यम से जहां शून्य ब्याज दर पर ऋण वितरण किया जा रहा है। राज्य में वर्तमान तक सहकारिता के माध्यम से 6 हजार स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित किया गया है। वहीं सहकारी बैंकों के लाभ में इजाफा हुआ है। बताया कि वर्तमान में चमोली जनपद में सहकारी बैंक ने 30 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए सरकार की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में कॉपरेटिव सोसाइटी खोलने की योजना बनाई गई है। जिनमें विभिन्न प्रकार की सुविधाएं ग्रामीणों को मिल सकेंगी। बताया कि आगामी अक्टूबर और नवम्बर माह में सहकारिता से जुड़ी उद्यमी महिलाओं के उत्पादों को प्रमोशन के लिए सहकारिता मेलों का आयोजन किया जाएगा।

# प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर होगा पौधारोपण, 2 लाख पौधारोपण का लक्ष्य




देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रदेश भर में विश्व पर्यावरण दिवस से वृहद पौधारोपण एवं मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत होगी। इस अभियान में प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों सहित पूरे प्रदेश में 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय में इस अभियान की तैयारियों के सम्बंध में इस अभियान से जुड़े सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरुकता एवं पौधारोपण अभियान आगामी 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से जुलाई माह के अंत तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 11 हजार 700 से अधिक पोलिंग बूथ हैं, इस अभियान में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 10 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा जाएगा। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सबसे बुजुर्ग, नए एवं महिला मतदाताओं से पौधारोपण कराया जाएगा।

इस अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि पौधारोपण के बाद उन पौधों की देखभाल के लिए भी सम्बंधित लोगों से सहयोग लिया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ जोगदंडे ने बताया कि इस पौधारोपण अभियान को लोकपर्व हरेला के साथ जोड़ते हुए पूरे जुलाई माह तक चलाया जाएगा।

# ढाई लाख से अधिक के गांजे के साथ मुरादाबाद का तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा। जिले में नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा के निर्देशन में चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के तहत सल्ट थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी नसीम निवासी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारी मात्रा में गांजा लेकर मुरादाबाद जा रहा था, जिसे सल्ट पुलिस ने यात्री प्रतीक्षालय कूपी बैण्ड तिराहा से धर दबोचा। बुधवार को, अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह और सीओ रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में सल्ट थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम को उस समय सफलता मिली जब एक युवक लगेज बैग के साथ बस का इंतजार करता हुआ संदिग्ध नजर आया। पूछताछ करने पर युवक ने बैग में कपड़े होने की बात कही, लेकिन शक के आधार पर जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 11.325 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी नसीम, उम्र 26 वर्ष, गांजे को सराईखेत से मुरादाबाद ले जा रहा था, जहां वह इसे छोटी–छोटी पुड़ियों में बेचकर उंचे दामों में मुनाफा कमाने की फिराक में था। बरामद गांजे की कीमत लगभग 2,83,125 रुपये आंकी गई है। नसीम के खिलाफ सल्ट थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सरोज कम्बोज, हेड कांस्टेबल संजू कुमार, दीपक कुमार तथा कांस्टेबल विपिन कुमार और हेमन्त मनराल शामिल थे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com